सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 356 | इंदौर, सोमवार 13 जुलाई, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# प्राण वायु का स्थाई प्रबंध है एक पेड़ मां के नाम अभियान : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## वृक्ष जीवन का आधार भी हैं और वसुधा का श्रृंगार भी

### ● मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में हुए शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। वंदनीय है। हमारे लिए प्रकृति ही परमेश्वर के स्वरूप है, क्योंकि यह हमें जीवन देती है, हमारा उदर-पोषण करती है। इसलिए हम सबको प्रकृतिपूजक बनकर इसकी वंदना करनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार भी हैं और वसुधा का श्रृंगार भी। वृक्ष ऋषि मुनियों के समान एक ही स्थान पर रहकर साधना करते हैं। यह हमारी नकारात्मक ऊर्जा को स्वयं ग्रहण कर हमें सकारात्मक ऊर्जा (प्राण वायु) देने वाले उदार साधक होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंजर भूमि को हरियाली की चादर ओढ़ाना प्रकृति माता को हरी चुनरी ओढ़ाने जैसा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर चलाया जा रहा है 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान कोई शासकीय कार्यक्रम नहीं, ये जीवन के लिए सांसों का स्थायी प्रबंध करने का अभियान है। जल, जंगल, जमीन और जानवर जिनसे हमारा पारिस्थितिकीय-तंत्र तैयार होता है, यह अभियान इनकी सुरक्षा का मिशन है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इन्दौर जिले के ग्राम बुढ़ानिया स्थित सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) परिसर में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने यहां अपनी पूजनीय माता स्व. श्रीमती लीला बाई यादव की स्मृति में संतरे का फलदार पौधा लगाकर इन्दौर में 21 लाख पौधारोपण एवं 51 हजार वर्षा जल संचयन इकाइयों की स्थापना (निर्माण) कार्य के महाभियान का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में पंच महाभूतों का मान्यता मिली है। इसमें सबसे प्रमुख है जल। जल से ही हमारा जीवन है। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान तथा जल, जंगल एवं पर्यावरण बचाने के पुनीत महाभियान में पूरे समाज की सहभागिता बेहद सराहनीय है। हम सबको मिलकर इस दिशा में आगे आना ही चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पौधरोपण एवं जल संचयन में सरकार और समाज की सहयोगी सामाजिक संस्था पृथ्वी को प्रोत्साहन स्वरूप दो लाख रुपये और प्रदेश में चलाए गए नक्सल उन्मूलन अभियान में उल्लेखनीय सेवाएं देने वाले बीएसएफ के दो जवानों को मंच से सम्मानित कर दो-दो लाख रुपये प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की।

### इंदौर ने दिखाई जल संरक्षण में बेहतर करने की दिशा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मां अहिल्या की नगरी इंदौर अतीत के उस गौरवशाली पृष्ठ के रूप में जानी जाती है, जिसने सनातन संस्कृति को पुनर्जीवित किया। देवी अहिल्या माता ने अपने शासनकाल में अपने मूल उत्तरदायित्व के साथ-साथ प्रकृति के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए कई स्थानों पर कुंए और बावड़ियां बनाई। उन्हीं से प्रेरणा लेते हुए मध्यप्रदेश सरकार ने जल संरक्षण की दिशा में नदी, तालाब, कुंए, बावड़ियों की सफ़ाई और इनके पुनर्निर्माण का अभियान चलाया है। इंदौर में बड़े पैमाने पर जल संरक्षण का काम हुआ। इंदौर ने देश को जल संरक्षण की दिशा दिखाई है। इससे देश में मध्यप्रदेश ने उल्लेखनीय स्थान हासिल किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में अलनीनो जैसी जलवायु से जुड़ी चुनौती हमारे सामने हैं। ऐसे में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण ही सबसे प्रभावी उपाय है। 'एक पेड़ - मां के नाम' अभियान इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायी पहल है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इन्दौर जब भी कुछ करता है, रिकार्ड ही बनाता है। जल हो या जंगल, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में इन्दौर में बहुत अच्छा काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि पौधरोपण अभियान में 8 से 10 फिट के पौधे लगाए जा रहे हैं, जो जल्दी ही बड़े होकर फल देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह इस अभियान तीसरा साल है और हर साल इसमें समाज की सहभागिता बढ़ती ही जा रही है। अगले तीन दिनों में यहां एक लाख से अधिक वन प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने इस अमृत हरित महोत्सव-2026 में इन्दौर जिले में 21 लाख पौधे लगाने का संकल्प लेने के लिए जिलेवासियों को बधाई दी। वरिष्ठ विधायक एवं प्रदेशाध्यक्ष श्री हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि इन्दौर प्रदेश की आर्थिक राजधानी होने के साथ अब पर्यावरण संरक्षण की दिशा तय कर रहा है।





---

### ● थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक के पब में भीषण आग

## 27 लोगों की मौत, कई गंभीर रूप से घायल



**बैंकॉक, (एजेंसी)** थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में सोमवार तड़के एक पब में भीषण आग लगने से कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों के अनुसार, दमकलकर्मियों ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।


राहतकर्मियों ने बताया कि आग लगने की सूचना देर रात को मिली। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में उत्तरी बैंकॉक स्थित पब के मुख्य द्वार से ऊंची लपटें उठती दिखाई दे रही हैं। लोग जान बचाने के लिए बाहर भागते नजर आए, जबकि आसमान में काले धुएं का घना गुबार फैल गया।

थाईलैंड के प्रधानमंत्री अनुतिन चार्नवीरकुल ने घटनास्थल पर पत्रकारों से कहा कि हादसे में 27 लोगों की मौत हुई है और कई घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

अधिकारियों के मुताबिक, आग पर काबू पाने में दमकलकर्मियों को लगभग 30 मिनट लगे। हादसे के बाद की तस्वीरों में पब के अंदर जली हुई मेज-कुर्सियां और बुरी तरह क्षतिग्रस्त ढांचा दिखाई दे रहा है। फिलहाल अधिकारी बैंकॉक के ताजा हादसे की विस्तृत जांच कर रहे हैं। मृतकों और घायलों की पहचान की प्रक्रिया जारी है।

## अमेरिका ने फिर की ईरान पर बमबारी

### धमाकों से दहले कई इलाके



**वॉशिंगटन/तेहरान, (एजेंसी)** अमेरिका ने रविवार (स्थानीय समय) को ईरान पर एक बार फिर सैन्य हमले किए। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने कहा कि इस कार्रवाई का उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले नागरिक नाविकों और वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाने की ईरान की क्षमता को और कमजोर करना है। सेंटकॉम ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि यह कार्रवाई अमेरिकी राष्ट्रपति के निर्देश पर की गई है, ताकि ईरानी बलों को उनके कदमों के लिए जवाबदेह ठहराया जा सके।

ईरान के विदेश मंत्रालय ने पिछले 24 घंटों में हुए अमेरिकी सैन्य हमलों की कड़ी निंदा करते हुए उन्हें संयुक्त राष्ट्र चार्टर का घोर उल्लंघन बताया है। मंत्रालय ने आरोप लगाया कि इन हमलों ने पश्चिम एशिया में तनाव कम करने के हालिया प्रयासों को कमजोर किया है। विदेश मंत्रालय ने चेतावनी दी कि अगर कोई देश अपनी जमीन या सैन्य सुविधाओं का इस्तेमाल ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान के लिए करने की अनुमति देता है, तो ऐसे हमलों के स्रोत को ईरानी सशस्त्र बल आत्मरक्षा के तहत 'वैध सैन्य लक्ष्य' मान सकते हैं। मंत्रालय ने मस्कट में हुई वार्ता के नतीजों को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति के कथित बयान को भी खारिज किया। ईरान ने इसे 'पूरी तरह झूठ' बताते हुए कहा कि बातचीत का मुख्य विषय होर्मुज जलडमरूमध्य और समुद्री जहाजों की आवाजाही के प्रबंधन से जुड़े इंतजाम थे। ईरान ने संयुक्त राष्ट्र सचिवालय की प्रतिक्रिया की भी आलोचना की और संयुक्त राष्ट्र महासचिव तथा सुरक्षा परिषद से अमेरिकी कार्रवाई के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराने की मांग की।

# बीएसएफ ने लाल सलाम को आखिरी सलाम में बदला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के समीप बुढ़ानिया में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम में अपनी बात रखते हुए कहा कि बीएसएफ ने लाल सलाम को आखिरी सलाम में बदला है। वर्तमान के लोकतांत्रिक देश में हथियारों के बल पर अब कोई डरा नहीं सकता। ऐसे लोगों को लोकतांत्रिक व्यवस्था पर विश्वास करना ही होगा। हथियारों के बल पर डराने वालों को जवाब मिल चुका है। पूरे देश में नक्सलवाद का खात्मा हो गया है।**



मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर अतीत के गौरव के कारण भी जाना जाता है। देवी अहिल्या ने जगह-जगह बावड़ियां और घाट बनवाए। हमारी सरकार ने जल संरक्षण के काम किए। पुराने तालाबों और बावड़ियों को संवारा। इस बार तीन माह तक जल संरक्षण अभियान चलाया गया। इंदौर पहाड़ों पर हरियाली की चादर ओढ़ाने के लिए आगे बढ़ रहा है। मध्य प्रदेश नदियों का मायका है। मालवा अंचल को नदियों का आशीर्वाद है। गंगा बेसिन की नदियां गंभीर, चंबल और शिप्रा इंदौर के आसपास से निकलती हैं और गंगा में जाकर मिलती हैं। हमें गर्व है कि धरती की ये बेटियां हमारे अंचल से निकलती हैं। उन्होंने कहा कि वर्षाकाल में अल नीनो तूफान का खतरा भी दिखाई दे रहा है, लेकिन इन सभी खतरों का मुकाबला करने के लिए पेड़ों की बड़ी भूमिका रहती है। ये ऋषि-मुनियों की तरह एक ही जगह खड़े रहकर तपस्या करते हैं और हमें फल देते हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि प्रदेश की आर्थिक दिशा कैसी हो, यह इंदौर तय करता रहा है, लेकिन अब प्रदेश का पर्यावरण कैसा हो, यह भी इंदौर से तय होगा। यहां लगातार हरियाली का ध्यान रखा जा रहा है। पहले 12 लाख पौधे लगाकर विश्व कीर्तिमान बनाया और अब 17 लाख पेड़ लगाए जा रहे हैं।

## छात्रा से मोबाइल छीनकर भागे बदमाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** चार थाना क्षेत्रों में सिलसिलेवार लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने एक के बाद एक चार से अधिक लोगों को निशाना बनाया था। वारदातें सीसीटीवी कैमरों में कैद होने के बाद पुलिस उनकी तलाश में जुटी थी। डीसीपी जोन-2 अमन राठौर की टीम ने कनाड़िया, लसूड़िया, आजाद नगर सहित एक अन्य थाना क्षेत्र में हुई सीरियल लूट की घटनाओं का खुलासा करते हुए अजय और सन्नी टूटेजा को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों ने करीब पांच दिन पहले अलग-अलग स्थानों पर महिलाओं से मोबाइल लूट की वारदातों को अंजाम दिया था। घटनाओं के बाद दोनों फरार हो गए थे। कनाड़िया और लसूड़िया थाना पुलिस लगातार उनकी तलाश कर रही थी। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, आरोपियों ने अपने शौक पूरे करने और नशे की लत के चलते लगातार वारदातें की थीं। लूटे गए मोबाइल बेचने के लिए वे ग्राहक की तलाश कर रहे थे। जांच में सामने आया है कि आरोपी अजय के खिलाफ खुड़ैल थाना क्षेत्र में पहले से एक आपराधिक मामला दर्ज है। वहीं, सन्नी के आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटे गए मोबाइल और वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक जब्त कर ली है।

## पिंटू हत्याकांड में दो को उम्रकैद

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में 2013 में हुए देवेंद्र उर्फ पिंटू हत्याकांड में करीब 12 साल बाद कोर्ट ने फैसला सुनाया है। अपर सत्र न्यायाधीश विनोद कुमार शर्मा ने मुख्य आरोपी जितेंद्र उर्फ जेडी और सचिन कुशवाह उर्फ कबाड़ी को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वहीं, सबूतों के अभाव में बबलू ठाकुर उर्फ प्रेम, चंदन उइके और गोलू उर्फ आनंद को बरी कर दिया गया। कोर्ट ने माना कि जितेंद्र उर्फ जेडी ने अवैध पिस्टल से देवेंद्र उर्फ पिंटू की गोली मारकर हत्या की थी। जांच के दौरान बरामद पिस्टल और घटनास्थल से मिली गोली की फोरेंसिक जांच में भी पुष्टि हुई कि हत्या इसी हथियार से की गई थी। कोर्ट ने यह भी माना कि सचिन कुशवाह वारदात के समय जितेंद्र के साथ था और हत्या की साजिश में शामिल था। कोर्ट ने जितेंद्र उर्फ जेडी को हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही आर्म्स एक्ट की धाराओं 25 और 27 के तहत भी अलग-अलग सजा दी गई।

## एमपी ट्रांसको के सहायक अभियंता प्रशिक्षुओं को ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस का व्यावहारिक प्रशिक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) द्वारा प्रशिक्षणरत चार सहायक अभियंताओं (ट्रेनी असिस्टेंट इंजीनियर) को 132 केवी ट्रांसमिशन लाइन के अनुरक्षण (मेंटेनेंस) कार्य का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान फ्लैशओवर से प्रभावित डिस्क इंसुलेटर के प्रतिस्थापन (रिप्लेसमेंट) के लिए लिए गए शटडाउन कार्य का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया गया।**



प्रशिक्षुओं को शटडाउन लेने की संपूर्ण प्रक्रिया, निर्धारित सुरक्षा मानकों, वर्क परमिट प्रणाली, ट्रांसमिशन लाइन को सुरक्षित रूप से आइसोलेट करने की प्रक्रिया तथा कार्यस्थल पर उपयोग किए जाने वाले विभिन्न उपकरणों एवं औजारों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही उन्होंने डिस्क इंसुलेटर बदलने की वास्तविक प्रक्रिया का निकट से अवलोकन किया तथा ट्रांसमिशन लाइन के अनुरक्षण कार्यों की तकनीकी बारीकियों को समझा।

प्रशिक्षण के दौरान अभियंताओं को विद्युत ट्रांसमिशन प्रणाली में सुरक्षा प्रक्रियाओं का महत्व, एक्स्ट्रा हाई टेंशन (ईएचटी) लाइनों पर कार्य के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां तथा उपकरणों के सुरक्षित संचालन का व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त हुआ। इस प्रकार का फील्ड प्रशिक्षण अभियंताओं के तकनीकी कौशल, कार्य दक्षता एवं सुरक्षित कार्य संस्कृति के विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी,भोपाल के कार्यपालन अभियंता रवि चौरसिया एवं सहायक अभियंता अंकित महरौलिया ने स्वयं प्रशिक्षण का संचालन किया। उन्होंने प्रशिक्षुओं को शटडाउन प्रबंधन, कार्यस्थल पर सुरक्षा उपायों, एक्स्ट्रा हाई टेंशन ट्रांसमिशन लाइनों के अनुरक्षण से संबंधित तकनीकी प्रक्रियाओं तथा कार्य निष्पादन के व्यावहारिक पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी।

इस प्रशिक्षण के माध्यम से प्रशिक्षुओं को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ वास्तविक कार्य परिस्थितियों में सुरक्षित एवं प्रभावी ढंग से कार्य करने का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ, जो भविष्य में विद्युत ट्रांसमिशन प्रणाली के कुशल संचालन एवं अनुरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### छात्र आंदोलन में होंगे शामिल

# इंदौर आ सकते हैं कॉकरोच जनता पार्टी के अभिजीत दीपके

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नीट पेपर लीक मामले समेत 23 सूत्रीय मांगों को लेकर इंदौर में छात्रों का अनिश्चितकालीन धरना लगातार जारी है। अब आंदोलन को और व्यापक बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। छात्रों ने 14 जुलाई को बड़े महाआंदोलन का ऐलान किया है। इसके लिए जमीनी स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। आंदोलनकारी छात्रों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।**



छात्रों के आंदोलन को अब कॉकरोच जनता पार्टी का भी समर्थन मिला है। पार्टी के प्रमुख अभिजीत दीपके ने टंट्या भील चौराहे पर धरने पर बैठे छात्रों से वीडियो कॉल के जरिए बातचीत की। इस दौरान उन्होंने छात्रों का हौसला बढ़ाया और 14 जुलाई को प्रस्तावित महाआंदोलन में स्वयं शामिल होने की संभावना जताई। टंट्या भील चौराहे पर चल रहे इस धरने को 11 दिन से अधिक हो चुके हैं। इसके बावजूद छात्रों का उत्साह कम नहीं हुआ है। हर दिन नए छात्र आंदोलन से जुड़ रहे हैं, जबकि कई छात्र पहले दिन से ही धरना स्थल पर डटे हुए हैं। आंदोलन को अब प्रदेश ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने की कोशिश की जा रही है।

धरने पर बैठे अरुण बड़ोले और उनके साथियों ने अभिजीत दीपके को आंदोलन की मौजूदा स्थिति से अवगत कराया। इस दौरान दीपके ने छात्रों की एकजुटता और संघर्ष की सराहना करते हुए उनके आंदोलन को समर्थन देने का भरोसा दिलाया। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे पवन अहिरवार ने बताया कि अभिजीत दीपके ने वीडियो कॉल के दौरान छात्रों की सभी मांगों को उचित बताया और 14 जुलाई को इंदौर पहुंचकर आंदोलन में शामिल होने का आश्वासन दिया है।

छात्रों ने कहा कि देश के अलग-अलग हिस्सों से मिल रहा समर्थन उनका मनोबल बढ़ा रहा है। पवन अहिरवार के मुताबिक, 14 जुलाई को सुबह 11 बजे टंट्या भील चौराहे से विशाल रैली निकाली जाएगी, जो कलेक्टर कार्यालय पहुंचेगी। यहां छात्र अपनी मांगों को लेकर कलेक्टर कार्यालय का घेराव करेंगे और प्रशासन को ज्ञापन सौंपेंगे।

# कार में सो रहे सेल्स मैनेजर और उसके साथी से लूट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। इंदौर-देवास बाईपास पर राहगीरों को निशाना बनाकर लूटपाट करने वाले गिरोह के एक बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरोह ने 10 जुलाई की तड़के डकाच्या ब्रिज के पास कार में आराम कर रहे एक टेलीकॉम कंपनी के सेल्स मैनेजर और उसके साथी पर हमला कर मोबाइल लूट लिए थे। घटना के अगले ही दिन गिरोह दोबारा वारदात की तैयारी में था, लेकिन इस बार पुलिस की सतर्कता के चलते एक आरोपी पकड़ लिया गया, जबकि उसके दो साथी फरार हो गए। शिप्रा थाने के एसआई योगेंद्र सिंह सोजतिया के अनुसार, फरियादी मिथिलेश सिंह (35) एक टेलीकॉम कंपनी में सेल्स मैनेजर हैं। गुरुवार देर रात वह अपने साथी दिलखुश के साथ देवास नाका से इंदौर-देवास बायपास पहुंचे थे। दोनों ने डकाच्या ब्रिज के पास कार खड़ी कर आराम करना शुरू किया।

इसी दौरान तीन बदमाश कार के पास पहुंचे। एक आरोपी ने देशी पिस्टल तानकर फायर करने की कोशिश की, लेकिन गोली नहीं चली। इसके बाद आरोपी ने पिस्टल के बट से मिथिलेश के सिर पर वार कर उन्हें घायल कर दिया। वारदात के दौरान बदमाश दोनों के मोबाइल फोन लूटकर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ितों ने शिप्रा थाने में शिकायत दर्ज कराई। घटना के बाद पुलिस ने बदमाशों के हुलिये के आधार पर मुखबिरों को सक्रिय किया और तकनीकी जांच शुरू की। शुक्रवार रात सूचना मिली कि तीन संदिग्ध एक बाइक पर शिप्रा-उज्जैन बायपास पर मौजूद हैं और उनका हुलिया लुटेरों से मेल खाता है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर तीनों आरोपी भागने लगे। गिरफ्तारी के डर से वे बाइक छोड़कर भागे। इस दौरान पीछे बैठे दो आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए, जबकि अमन कौशल को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया।

# ड्रग्स तस्करी मामले में नाना पटवारी का पूर्व ड्राइवर गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में सामने आए हाई-प्रोफाइल ड्रग्स तस्करी मामले की जांच लगातार गहराती जा रही है। दो आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने अब तीसरे आरोपी आरिफ खान उर्फ भूरू बैंड को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का दावा है कि शुरुआती पूछताछ में मिले इनपुट के आधार पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के भाई नाना पटवारी को भी पूछताछ के लिए थाने बुलाया गया। वहीं, अब पुलिस इस मामले में ऑनलाइन गेमिंग एप के जरिए संचालित होने वाले संभावित नेटवर्क की भी जांच कर रही है।**

राजेंद्र नगर पुलिस ने कुछ दिन पहले ड्रग्स तस्करी के आरोप में संजय कौशल उर्फ रोनी और इरफान को गिरफ्तार किया था। दोनों से पूछताछ के दौरान आरिफ खान उर्फ भूरू बैंड का नाम सामने आया। इसके बाद पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया। आरिफ खान पहले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के भाई नाना पटवारी का ड्राइवर रह चुका है और वह पहले भी ड्रग्स से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार हो चुका है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों संजय कौशल और इरफान ने पूछताछ में बताया कि वे आरिफ खान के कहने पर ब्राउन शुगर की डिलीवरी देने के लिए नाना पटवारी और उनके मित्र मानव गंगवानी के पास जा रहे थे।

हालांकि, इससे पहले ही पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया था। इसी जानकारी के आधार पर आरिफ खान की गिरफ्तारी हुई। जांच के दौरान पुलिस ने तीनों आरोपियों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की। इसके बाद नाना पटवारी को भी थाने बुलाया गया। डीसीपी नरेंद्र रावत ने उनसे आरोपियों से संबंध, पहचान और आपसी संपर्क को लेकर कई सवाल पूछे। नाना पटवारी ने पुलिस को बताया कि वह तीनों को जानते हैं, लेकिन ड्रग्स से जुड़े किसी भी अवैध गतिविधि से उनका कोई संबंध नहीं है। पूछताछ के दौरान तीनों आरोपियों ने एक युवती का भी जिक्र किया। इसी आधार पर पुलिस ने नाना पटवारी से भी उस युवती के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा जांच में ऑनलाइन गेमिंग एप के जरिए संचालित एक संभावित बड़े नेटवर्क की भी जानकारी सामने आई है। पुलिस अब इस एंगल की भी गहन जांच कर रही है।

# दोस्त पर युवती से छेड़छाड़ का आरोप

## शादीशुदा महिला से भी अभद्रता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। छेड़छाड़ के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। एक मामले में फाइनेंस कंपनी में काम करने वाली युवती ने अपने दोस्त पर कमरे में आकर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। वहीं दूसरे मामले में एक शादीशुदा महिला ने युवक पर रास्ता रोककर हाथ पकड़ने और अश्लील हरकत करने की शिकायत दर्ज कराई है।



हीरानगर थाना पुलिस के मुताबिक, फाइनेंस कंपनी में काम करने वाली युवती ने अपने दोस्त अवनीश यादव के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज कराया है। युवती ने बताया कि वह पिछले चार साल से इंदौर में रह रही है। करीब एक साल पहले एक निजी कॉल सेंटर में इंटरव्यू के दौरान उसकी अवनीश से पहचान हुई थी। इसके बाद दोनों की इंस्टाग्राम पर बातचीत होने लगी। युवती के अनुसार, 9 जून को अवनीश ने व्हाट्सएप पर उसका पता पूछा। सामान्य बातचीत के चलते उसने पता बता दिया। कुछ देर बाद अवनीश उसके कमरे पर पहुंच गया। जब वह किचन में चाय बना रही थी, तब आरोपी पीछे से आया और गलत तरीके से छूने लगा। विरोध करने पर उसने आरोपी को धक्का देकर कमरे से बाहर निकाल दिया। पीड़िता ने बताया कि घटना के बाद वह मानसिक रूप से परेशान हो गई और तबीयत खराब होने पर अपने घर चली गई। इंदौर लौटने के बाद उसने शनिवार को हीरानगर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## स्कूल जाते समय महिला का रास्ता रोका

बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक शादीशुदा महिला ने अंकित पुत्र अशोक साहनी निवासी नंदबाग के खिलाफ छेड़छाड़ की एफआईआर दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी उसके इलाके में रहता है और काफी समय से उसका पीछा कर बात करने का दबाव बना रहा था। महिला के मुताबिक, वह अपनी बेटी को स्कूल छोड़ने जा रही थी। तभी आरोपी बाइक से आया, रास्ता रोककर बात करने की जिद करने लगा। मना करने पर उसने महिला का हाथ पकड़ लिया और अश्लील हरकत की। विरोध करने पर आरोपी धमकी देकर वहां से भाग गया। घटना की जानकारी महिला ने अपने पति को दी, जिसके बाद दोनों बाणगंगा थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# तेज रफ्तार कार ने ऑटो को मारी टक्कर, चालक घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। भागीरथपुरा स्थित एमआर-4 रोड पर रविवार को तेज रफ्तार कार ने एक ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो चालक घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने गुस्से में कार पर पथराव कर दिया। बाद में एफआरवी मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया।

बाणगंगा थाना क्षेत्र के एमआर-4 रोड पर हुए इस हादसे के बाद जमकर हंगामा हुआ। बताया जा रहा है कि ऑटो चालक विशाल भागवत तीन अन्य सवारियों को लेकर जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने उसके ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि ऑटो का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने कार पर जमकर पथराव किया। हादसे के बाद लोगों ने कार में भी तोड़फोड़ कर दी। बताया जा रहा है कि कार चालक मौके पर ही वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल ऑटो चालक विशाल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है। ऑटो में सवार अन्य लोगों को भी चोटें आई हैं। वे उपचार के लिए दूसरे अस्पताल पहुंचे हैं। फिलहाल पुलिस को अन्य घायलों की स्थिति संबंधी पूरी जानकारी नहीं मिल सकी है।

Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.detectivegroupreport.com

यदि आप साहस और निर्भीकता के साथ 'खोजी पत्रकार' के रूप में कार्य करना चाहते है...
समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार-अपराध-अव्यवस्थाओं को उजागर करना चाहते है...
तो आइए हमारे समाचारपत्र/पत्रिका/न्यूज वेबपोर्टल / यूट्यूब चैनल के साथ जुड़े और 'क्राइम रिपोर्टर' के रूप में कार्य करे।

* * * * *

कृपया हमारी वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन करे।
या अपना पूरा बॉयोडाटा हमें ई-मेल करे

www.detectivegroupreport.com
detectivegroupreport@gmail.com

(आपके सुझाव/लेख/न्यूज/ऑडियो-वीडियो/सूचना का सदैव स्वागत है)

# वेल्डिंग के दौरान टैंकर में ब्लास्ट

● 500 मीटर दूर तक उड़े परखच्चे... आसपास के घरों के टूटे दरवाजे



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खरगोन, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के खरगोन जिले में रविवार को एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। यहां मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ग्राम मगरखेड़ी में एक टैंकर की वेल्डिंग के दौरान हुए भीषण विस्फोट में एक ग्रामीण की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. धमाका इतना भीषण था कि टैंकर के परखच्चे करीब 500 मीटर दूर तक जा गिरे. विस्फोट की चपेट में आने से आसपास खड़ी एक कार और नजदीकी मकानों के कांच भी टूट गए. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टैंकर में वेल्डिंग का कार्य चल रहा था, तभी अचानक जोरदार विस्फोट हो गया. धमाके की आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी और घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई. ब्लास्ट के बाद ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए. हादसे में टैंकर चालक विनोद पिता श्रीराम (45), निवासी भैंसाचौबे, जिला बस्ती (उत्तर प्रदेश) व वेल्डिंग कर रहे नितेश पिता हरिनाथ (35), निवासी बिहार घायल हो गए. वहीं, टैंकर के उड़े हुए लोहे के टुकड़ों की चपेट में आकर भीम पिता भागीरथ रोकड़े (45), निवासी ग्राम मगरखेड़ी गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसे के तुरंत बाद भीम को तत्काल ठीकरी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई. सूचना मिलते ही खलटाका पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार टैंकर के अंदर गैस बनने के कारण वेल्डिंग के दौरान यह विस्फोट हुआ. गौरतलब है कि घटना राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे उस स्थान पर हुई, जहां रविवार को साप्ताहिक बाजार भी लगता है.


# महिला सशक्तिकरण में लाड़ली बहना योजना क्रांतिकारी पहल : मुख्यमंत्री

## बहनों को सशक्त बनाना हमारी पहली प्राथमिकता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि महिलाएं परिवार की रीढ़ और इज्जत होती हैं। सनातन संस्कृति में महिलाओं को देवी के रूप में पूजा जाता है। महिलाओं के अधिकार और सशक्तिकरण के लिये प्रदेश सरकार हर संभव प्रयास कर रही है, जो निरंतर जारी रहेंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी बहनों को सशक्त बनाना अपनी पहली प्राथमिकता मानते हैं। वे चाहते हैं कि ग्राम पंचायत से लेकर संसद तक महिलाएं प्रमुख भूमिका में रहें। महिला कल्याण और सशक्तिकरण की यही नीति मध्यप्रदेश सरकार की भी है। प्रदेश की लाड़ली बहना योजना महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में क्रांतिकारी साबित हो रही है।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को भिंड जिले के लहार में लाड़ली बहना योजना के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख से अधिक लाड़ली बहनों को लाड़ली बहना योजना की 38वीं किश्त के रूप में 1835 करोड़ रुपए से अधिक की प्रोत्साहन राशि अंतरित कर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भिंड जिले को 322 करोड़ लागत के 56 विकास कार्यों की सौगात दी। इसमें 4 सांदीपनि विद्यालयों के नवनिर्मित भवनों का लोकार्पण भी शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लहार में विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालय स्तर पर पीजी कक्षाओं की सुविधा में वृद्धि करने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कामकाजी महिलाओं की समृद्धि, सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार सभी आवश्यक प्रयास कर रही है। बहनों और बेटियों के साथ युवाओं, किसानों और गरीबों के कल्याण के प्रयास किए जा रहे हैं। युवाओं को इतना सक्षम बनाया जाएगा कि वे नौकरी पाने में नहीं, बल्कि नौकरी प्रदान करने में सक्षम बनें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कतिपय लोग महिला कल्याण कार्यक्रमों का विरोध करते हैं। ऐसे लोगों ने स्वयं तो कभी भी लाड़ली बहना जैसी कारगर योजना प्रारंभ नहीं की, अब वे निंदा के अलावा कुछ नहीं करते। यह सर्वविदित है कि लाड़ली बहना योजना में बहनों को दी जा रही राशि परिवार में खुशियां लाने का माध्यम बनी हैं। हमारी बहनें लक्ष्मी, सरस्वती और जगदम्बा का स्वरूप हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत का मान-सम्मान बढ़ रहा है। देश का इतिहास बदल रहा है। अब महिला आरक्षण की पहल से इतिहास का नया अध्याय प्रारंभ होगा। कतिपय लोगों ने महिला आरक्षण के प्रावधान में बाधा बनने का कार्य किया है, लेकिन अंततः बहनों को सशक्त बनाने के प्रयास सफलता प्राप्त करेंगे।



### प्रदेश में शुरू हो रहे गीता भवन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में गीता भवन प्रारंभ हो रहे हैं। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में वृंदावन ग्राम की संकल्पना साकार होगी। प्रधानमंत्री श्री मोदी भारत के पवित्र ग्रंथ श्रीमद्भागवत गीता की प्रति अन्य राज्यों से आए विशिष्ट अतिथियों को भेंट करते हैं। पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम तथा भिण्ड जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने मुख्यमंत्री डॉ.यादव को भिंड जिले में 322 करोड़ रुपए से अधिक राशि के विकास कार्यों की सौगात देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि आज का दिन लहार के लिए ऐतिहासिक दिन है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश और जिला भिंड के विकास के कार्य निरन्तर जारी हैं।

### राज्य में सुगम परिवहन सेवा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शीघ्र ही राज्य में मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा भी प्रारंभ की जा रही है। कई वर्ष से हमारी बहनों और बेटियों के साथ सभी नागरिकों को ऐसी सेवा की आवश्यकता थी। राज्य शासन द्वारा इस दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है।

# धीरेंद्र शास्त्री बोले-कथावाचक का बेटा कथावाचक बने तो आपत्ति क्यों?

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खजुराहो। एजेंसी।** कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर के बेटे देवांश को ट्रोल किए जाने पर पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यदि डॉक्टर का बेटा डॉक्टर, किसान का बेटा किसान, पुलिसकर्मी का बेटा पुलिसकर्मी, नेता का बेटा नेता और अभिनेता का बेटा अभिनेता बन सकता है, तो कथावाचक का बेटा कथावाचक बने, इसमें आपत्ति क्यों है? बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर की दक्षिण भारत के तिरुपति बालाजी में तीन दिवसीय कथा चल रही है। शनिवार देर शाम उन्होंने कथा में हिंदू समाज से आपसी मतभेद छोड़कर एकजुट रहने का आव्हान भी किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सबसे बड़ी चुनौती है कि हिंदू ही हिंदुओं का विरोध कर रहे हैं।



कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर के तीन बेटियां और एक बेटा है। बेटे का नाम देवांश है। देवांश वर्तमान में 10वीं में पढ़ रहे हैं। देवांश ठाकुर ने बहुत कम उम्र में ही वैदिक ग्रंथों, भागवत कथा और संस्कृत श्लोकों का अध्ययन शुरू कर दिया था। देवांश ने कुछ समय पहले गुजरात के सोमनाथ में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में पहली बार सार्वजनिक मंच से भागवत पाठ किया था। इसका वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में मंच में देवकीनंदन ठाकुर ऊंचे मंच पर बैठे दिख रहे हैं। वहीं, थोड़ी दूर पर मौजूद एक सफेद रंग के सोफे पर देवांश ठाकुर भजन करते नजर आए। इस बीच, पिता देवकीनंदन ध्यान से बेटे की तरफ देखते दिखे। वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर बहस शुरू हो गई है। कुछ लोग इसे सनातन परंपरा और पारिवारिक संस्कारों की विरासत बताने लगे, तो कुछ इसे धार्मिक क्षेत्र में बढ़ते परिवारवाद से जोड़ने लगे। बागेश्वर सरकार ने कहा कि यदि किसी को किसी की कथा पसंद नहीं है, तो उसे सुनने मत जाइए, लेकिन सनातन परंपरा, संतों और कथावाचकों का सार्वजनिक उपहास नहीं होना चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि मुस्लिम अपने धर्मगुरुओं का उपहास नहीं उड़ाते, तो हिंदुओं को भी संतों का सम्मान करना चाहिए।

## लेट आने से मानसूनी बारिश भी कम हुई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में अबकी बार मानसून 9 दिन की देरी 24 जून को पहुंचा और अगले 9 दिन में ही पूरे प्रदेश को कवर कर लिया। लेट आने से मानसूनी बारिश भी कम हुई। इस वजह से जून में बारिश के आंकड़ा में 30 प्रतिशत तक की गिरावट देखी गई थी। हालांकि, जुलाई में मानसून ने कमाल किया और लगातार नौ दिन तक भारी बारिश का दौर रहा। इससे आंकड़ा प्लस में 8% पर आ गया है। IMD (मौसम केंद्र) भोपाल की मानें तो प्रदेश में औसत 9.4 इंच बारिश हो चुकी है। अब तक 8.7 इंच पानी गिरना था। इस हिसाब से 8 प्रतिशत ज्यादा बारिश हुई है। यानी, जुलाई की शुरुआत में ही प्रदेश में कोटे की 25 प्रतिशत बारिश हो चुकी है। फिलहाल तेज बारिश का दौर थम गया है। नया सिस्टम अगले सप्ताह से शुरू हो जाएगा।

# इंदौर और भोपाल को पछाड़कर चमके सीधी और उज्जैन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के बड़े और संसाधन संपन्न जिले भी स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में राज्य के सर्वश्रेष्ठ जिले नहीं बन सके। केंद्र सरकार के परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स फार डिस्ट्रिक्ट्स (पीजीआई-डी) 2025-26 में प्रदेश के केवल सीधी (333 अंक) और उज्जैन (323 अंक) ही प्रचेष्टा-1 ग्रेड तक पहुंच सके, जबकि इंदौर (284), भोपाल (285), ग्वालियर (277) और जबलपुर (267) जैसे बड़े जिले प्रचेष्टा-2 ग्रेड में रहे। रिपोर्ट बताती है कि बेहतर संसाधन, शहरीकरण और बड़े शिक्षा तंत्र के बावजूद बड़े जिले परिणाम, डिजिटल लर्निंग, कक्षा शिक्षण, स्कूल सुरक्षा और प्रशासनिक प्रक्रियाओं के संयुक्त मूल्यांकन में शीर्ष में जगह नहीं बना सके। यह रिपोर्ट शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने जारी की है। इसमें देश के 784 जिलों का मूल्यांकन 600 अंकों और 70 संकेतकों के आधार पर किया गया है। मूल्यांकन के लिए यू-डाइस प्लस, परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण-2024 और प्रबंध पोर्टल के आंकड़ों का उपयोग किया गया है। चारों बड़े शहरों के अंकों का विश्लेषण बताता है कि किसी एक क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन होने के बावजूद समग्र प्रदर्शन प्रभावित हुआ।

- भोपाल को 285 अंक मिले। शासन प्रक्रियाओं में अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन रहा, लेकिन कुल स्कोर प्रचेष्टा-1 तक नहीं पहुंच सका।
- इंदौर 284 अंकों के साथ भोपाल से केवल एक अंक पीछे रहा। डिजिटल लर्निंग और बुनियादी सुविधाओं में सुधार की गुंजाइश बनी हुई है।
- ग्वालियर को 277 अंक मिले। जबलपुर 267 अंकों के साथ चारों प्रमुख शहरों में सबसे पीछे रहा।

रिपोर्ट के अनुसार इस वर्ष भी देश का कोई भी जिला सर्वोच्च उत्कर्ष ग्रेड हासिल नहीं कर पाया। केवल 19 जिले उत्तम-2 तक पहुंचे, जबकि 97 जिले उत्तम-3 में रहे। सबसे अधिक 325 जिले प्रचेष्टा-1 तथा 307 जिले प्रचेष्टा-2 ग्रेड में आए। इसका मतलब है कि देश के अधिकांश जिलों की तरह मध्य प्रदेश के प्रमुख जिले भी अभी सुधार वाले समूह में हैं। पीजीआई-डी (परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स फार डिस्ट्रिक्ट्स) जिला स्तर पर स्कूल शिक्षा की गुणवत्ता मापने का राष्ट्रीय सूचकांक है। इसमें मूल्यांकन किया जाता है सीखने के परिणाम प्रभावी कक्षा शिक्षण आधारभूत सुविधाएं एवं छात्र अधिकार स्कूल सुरक्षा एवं बाल संरक्षण डिजिटल लर्निंग प्रशासनिक एवं शासन प्रक्रियाएं (इन छह श्रेणियों के अंतर्गत कुल 70 संकेतकों पर अंक दिए जाते हैं।

# संपादकीय

## कमजोर डेटा से कैसे संभलेगी खेती?

मानसून में कमी के कारण नीति-निर्माताओं को खरीफ की बुवाई की चिंता सता रही है। इसी बीच, सांख्यिकी मंत्रालय की हालिया रिपोर्ट में फसल के रकबे और खाद्य उत्पादन पर नजर रखने वाले कृषि डेटा कलेक्शन सिस्टम में भारी कमियां सामने आई हैं। जमीनी स्तर के डेटा का इस्तेमाल 'कृषि लागत और मूल्य आयोग' ( CACP) उत्पादन लागत का हिसाब लगाने और राष्ट्रीय स्तर पर अनुमान (एडवांस एस्टीमेट) तैयार करने के लिए करता है। सरकार इन अनुमानों के आधार पर खाद्य सुरक्षा से जुड़े अहम फैसले लेती है, जैसे कि महंगाई को काबू में करने के लिए निर्यात पर रोक लगाना, आयात शुल्क में बदलाव करना या आपातकालीन बफर स्टॉक जारी करना। नेशनल लेवल पर रिपोर्ट से पता चलता है कि 'गिरदावरी' जो फसल के आंकड़ों का आधार है और जिसका मतलब है कि गांव के रेवेन्यू अधिकारियों द्वारा फसल की गिनती के लिए की जाने वाली सरकारी जांच, देश के आधे से भी कम हिस्से में समय पर पूरी हुई। रिपोर्ट के अनुसार, आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पंजाब, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में 2023-24 के दौरान 'गिरदावरी' (फसल सर्वेक्षण) पूरी न होने के मामले चिंताजनक रूप से ज्यादा थे। नतीजतन, शुरुआती खरीफ के दौरान सिर्फ 43 % सैंपल गांवों में, देर से खरीफ के दौरान 46 % में, रबी के दौरान 48 % में और गर्मी के मौसम में 33 % गांवों में ही यह काम समय पर पूरा हो पाया। पिछले हफ्ते जारी 'फसल आंकड़ा प्रणाली की समीक्षा नाम की रिपोर्ट में कहा गया है कि सभी राज्यों में 'गिरदावरी' (फसल की ) का काम समय पर पूरा करने के लिए संबंधित राज्य अधिकारियों को उचित कदम उठाने की जरूरत है। इसके अलावा, रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 63 प्रतिशत गांव के नक्शे जो बदले हुए प्लॉट और जमीन के इस्तेमाल की सीमाओं का पता लगाने के लिए जरूरी हैं। 20 साल पुराने हैं। इससे पता चलता है कि ये नक्शे शायद निर्माण और शहरीकरण की वजह से हुए बदलावों को सही ढंग से नहीं दिखाते होंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि पुराने नक्शों के इस्तेमाल से सर्वे नंबरों की पहचान करने में दिक्कतें आती हैं। इसलिए नक्शों को नियमित रूप से अपडेट करना जरूरी है। पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में, सभी गांवों के नक्शे आखिरी बार दो दशक से भी ज्यादा समय पहले अपडेट किए गए थे, जबकि ओडिशा में यह आंकड़ा 99 %, उत्तराखंड में 98 %, असम में 94 % और तमिलनाडु व झारखंड में 93 % था। इसके उलट, गुजरात में सिर्फ 5 % गांवों के नक्शे 20 साल से ज्यादा पुराने थे। रिपोर्ट में यह भी पाया गया कि औसत पैदावार का आकलन करने और अनाज के कुल उत्पादन का हिसाब लगाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले वैज्ञानिक आधार, यानी 'क्रॉप-कटिंग एक्सपेरिमेंट' (CCE), ऐसे अप्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे थे जिन्हें राजस्व अधिकारियों ने यह काम सौंपा था। रिपोर्ट के अनुसार, 2023-24 में CCE की कुल संख्या लगभग 12 लाख (1.2 मिलियन) होने का अनुमान था। झारखंड और उत्तर प्रदेश में 40% तक CCE अप्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा किए गए, जबकि मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में 10% से ज्यादा CCE कनिष्ठ (जूनियर) कर्मचारियों द्वारा किए गए।

सैर सपाटा

# ट्रेन में लें जंगल सफारी का मजा!

## रेलवे ने शुरू की दुधवा नेशनल पार्क के लिए सुविधा, ये रही पूरी डिटेल



जंगल सफारी का मजा ट्रेन में बिल्कुल सेफ तरीके से लेने को मिलेगा। यूपी में रहते हैं तो इस मौके को मिस ना करें क्योंकि टूरिज्म को बढ़ावा देने, ज्यादा से ज्यादा टूरिस्ट को सुविधा देने के लिए अब रेलवे ने दुधवा नेशनल पार्क घूमने के लिए एसी चेयर कार ट्रेन शुरू की है। अगर आप नेचर को करीब से देखने और महसूस करने के शौकीन और बारिश के दिनों में जंगल, जंगली जानवरों को देखना पसंद करते हैं तो ये ट्रेन आपके सपनों को पूरा करेगी। तो चलिए जानें इस ट्रेन की टाइमिंग, सुविधाएं और कहां से कहां तक ये ट्रेन आपको पहुंचाएगी, जैसी पूरी डिटेल।

### दुधवा नेशनल पार्क के लिए चलाई गई ट्रेन जो देगी जंगल सफारी का मजा

नॉर्थईस्ट रेलवे के लखनऊ डिवीजन ने दुधवा नेशनल पार्क की खूबसूरती दिखाने के लिए मैलानी से बिछिया और फिर मैलानी रेल सेक्शन पर एमजी टूरिस्ट एसी चेयर कार सर्विस शुरू की है। आईआरसीटीसी (IRCTC) की ओर से चलाई जा रही ये स्पेशल ट्रेन टूरिस्ट लोगों को दुधवा नेशनल पार्क के जंगल और वाइल्डलाइफ के नजारे दिखाने के साथ ही आरामदायक सफर भी देगी।

### जान लें ट्रेन की टाइमिंग

ये ट्रेन (नंबर 52260) हर शनिवार और रविवार यानी वीकेंड को मैलानी जंक्शन से बिछिया के लिए चलेगी। मैलानी रेलवे स्टेशन से सुबह 06:05 AM पर चलेगी और बिछिया रेलवे स्टेशन सुबह 10:30 AM पर पहुंचेगी। बीच में ये ट्रेन भीरा खेरी, पलिया कलां, दुधवा, बेलरायां, तिकुनिया, खैरटिया बांध रोड हाल्ट और मंझारा पूरब जैसे रेलवे स्टेशन पर रुकेगी। इस ट्रेन की वापसी बिछिया जंक्शन से सुबह 11:45 AM पर होगा और मैलानी जंक्शन शाम 04:10 PM पर पहुंचेगी। यह ट्रेन पीछे भी उन्हीं स्टॉप से होकर जाएगी।

### ट्रेन में मिलेंगी सुविधाएं

दुधवा नेशनल पार्क में जंगल सफारी का अनुभव खास बनाने के लिए ट्रेन में कई सुविधाएं दी गयी है। ये ट्रेन एक 60 सीटर टूरिस्ट AC चेयर कार है। जिसमे यात्रियों को आराम से बैठने और नेचर के नजारे लेने की सुविधा मिलेगी।

### ट्रेन का किराया होगा बजट में

मैलानी-बिछिया-मैलानी रूट पर चलने वाली इस एसी चेयर कार ट्रेन का किराया 270 प्रति व्यक्ति है, टिकट बुकिंग के लिए पैसेंजर रिजर्वेशन काउंटर और IRCTC की वेबसाइट पर सुविधा मिल जाएगी। ट्रेन को शुरू करने से टूरिस्ट को ज्यादा से ज्यादा दुधवा नेशनल पार्क के इलाके की नेचुरल सुंदरता और जंगली जानवरों को करीब से देखने का मौका मिलेगा। सबसे खास बात कि इस ट्रेन की जर्नी में सुविधाओं का भी ध्यान रखा गया है।

New Delhi

# दिल्ली-यमुनोत्री हाईवे पर बांध ढहा, देहरादून में पुल बहा; 120 सड़कें बंद, आज भी अलर्ट

**देहरादून, (एजेंसी)** उत्तराखंड में हो रही बारिश से सड़कों के बंद होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। राज्यभर में 120 सड़कें बंद हैं। इस वजह से आम लोगों को आवाजाही में भारी परेशानी हुई और जनजीवन भी प्रभावित रहा। मौसम विभाग ने सोमवार के लिए देहरादून समेत छह जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। उधर, लखवाड़ बहुउद्देशीय बांध प्रोजेक्ट का निर्माणाधीन हिस्सा भरभराकर दिल्ली-यमुनोत्री हाईवे पर गिर गया।

दूसरी ओर प्रेमनगर में नंदा की चौकी के पास टौंस नदी पर बने अस्थायी पुल शनिवार रात बह गया। इस कारण रविवार सुबह करीब 11 बजे तक आवाजाही ठप रही और लोगों को दस किमी घूमकर सफर करना पड़ा।



बाद में लोनिवि को आनन-फानन में नए पुल पर ट्रैफिक खोलना पड़ा। 11 घंटे बाद लोगों को राहत मिल सकी।

आज कहां-कहां अलर्ट

मौसम निदेशक डॉ. सीएस तोमर ने बताया कि सोमवार को पहाड़ी जिलों में अनेक स्थानों पर बारिश संभव है। मैदानी क्षेत्रों में कुछ ही जगह हल्की से मध्यम बारिश और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ेंगी। दून, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, चमोली, पिथौरागढ़, नैनीताल में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। पहाड़ी क्षेत्रों में आकाशीय बिजली चमकने के साथ कुछ जगह तीव्र से अति तीव्र वर्षा का दौर चलने की भी आशंका है।

Manipur

### मणिपुर में फिर बढ़ा तनाव

## इंफाल में घरों में आगजनी से लोग नाराज, प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप



**इंफाल, (एजेंसी)** मणिपुर के इंफाल पश्चिम के कांटो सबल गांव में आगजनी की घटना हुई। इस आगजनी से लोगों के बीच नाराजगी है। वहीं, इस मामले पर कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमोल अकोइजम ने प्रशासन पर निशाना साधा। इसके साथ ही भाजपा विधायक हेइखम डिंगो सिंह ने इस घटना की कड़ी निंदा की।

कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमोल अकोइजम ने समाचार एजेंसी से बातचीत करते ही कहा, 'मैंने वीडियो देखा है और लोग सुरक्षा बलों के सामने ही शिकायत कर रहे थे। मैंने अधिकारियों से बात करने की कोशिश की, लेकिन उनमें जवाब देने की बुनियादी शिष्टाचार भी नहीं थी। मैंने उनका ऐसा रवैया देखा और सोचिए उन्होंने लोगों के साथ क्या किया है। मुझ जैसे सांसद को भी लगता है कि उस यूनिट में कुछ गड़बड़ है।

संकट की शुरुआत में, यह कमांडिंग ऑफिसर उस इलाके के कुकी और मैतेई समुदाय, दोनों से संपर्क किया गया, और वे शांति बनाए रखने के लिए नियमित रूप से बातचीत करते थे। असलियत यह है कि जब वे वहां खड़े थे, तब चार घर जला दिए गए। जब उनकी यूनिट वहां मौजूद थी, तो उन्हें जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। सेना कमांडर को नागरिक प्राधिकरण से पूछे बिना सार्वजनिक व्यवस्था की स्थिति में कार्रवाई करनी चाहिए था। अगर सेना हर जगह तैनात थी, तो उन लोगों को भागने की अनुमति कैसे दी गई?

Maharashtra

## बाधा दूर करने के बहाने अश्लील हरकतें, पूर्व एमपी पर बहू ने लगाए काले जादू के आरोप

**मुंबई, (एजेंसी)** शिवसेना (UBT) के पूर्व लोकसभा सदस्य विनायक राउत के खिलाफ अपनी बहू को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से प्रताड़ित करने और उसपर काला जादू करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में राउत के बेटे और पांच अन्य लोगों को भी आरोपी बनाया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि 10 जून को यहां कपूरबावड़ी पुलिस थाने में गिरजा राउत (38) ने प्राथमिकी दर्ज कराई। गिरजा, राउत के बेटे जितेश (जिसे गीतेश भी कहा जाता है) की पत्नी हैं, जो उनसे अलग रह रही हैं। उन्होंने कहा, 'यह मामला भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और 'महाराष्ट्र मानव बलि और अन्य अमानवीय, बुरी एवं अघोरी प्रथाओं और काला जादू रोकथाम अधिनियम' के तहत दर्ज किया गया था। इसमें शारीरिक, मानसिक और आर्थिक प्रताड़ना के साथ-साथ महिला को तंत्र-मंत्र वाली रीतियों का शिकार बनाने का आरोप भी शामिल है।'

New Delhi

## देश के इन 3 राज्यों में कोरोना के 10 एक्टिव केस, 2 की मौत

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** आंध्र प्रदेश के YSR कड्प्पा जिले में कोरोना वायरस संक्रमण के नए मामलों के सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने सतर्कता बढ़ा दी है। पूरे जिले में हाल के दिनों में COVID-19 के 8 सक्रिय मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि संक्रमण से दो मरीजों की मौत की पुष्टि हुई है। इसके बाद प्रशासन ने टेस्टिंग, निगरानी और संक्रमण रोकने की तैयारियां तेज कर दी हैं। देश में अभी केवल तीन राज्यों में ही सक्रिय कोरोना मामले सामने आए हैं, जिनकी कुल संख्या 10 बताई जा रही है। महाराष्ट्र के मुंबई में भी एक मामला सामने आया है। यहां बॉलीवुड गायक कुमार सानू के बेटे जान कुमार सानू के कोरोना संक्रमित होने की जानकारी मिली है। वहीं, उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी (BHU) के एक



छात्र की कोरोना जांच रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। उधर, स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, राजमपेट क्षेत्र के रहने वाले 52 वर्षीय एक व्यक्ति में बुखार और खांसी जैसे लक्षणों के बाद COVID-19 संक्रमण की पुष्टि हुई थी। हालत गंभीर होने पर उन्हें वेल्लोर स्थित क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज (CMC) में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

खेल

## सिनर ने लगातार दूसरी बार जीता विंबलडन, ज्वेरेव को हराकर जीता पांचवां ग्रैंड स्लैम खिताब

**लंदन, (एजेंसी)** विंबलडन 2026 के पुरुष एकल फाइनल में सेंटर कोर्ट पर दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर ने लगातार दूसरी बार विंबलडन का पुरुष एकल खिताब अपने नाम कर लिया। रविवार को खेले गए फाइनल में उन्होंने जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-7(7), 7-6(2), 6-3, 6-4 से हराकर अपने करियर का पांचवां ग्रैंड स्लैम खिताब जीता।



इस जीत के साथ सिनर ने ज्वेरेव के खिलाफ लगातार 10वीं जीत दर्ज की। साथ ही वह प्रोफेशनल दौर में विंबलडन पुरुष एकल खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने वाले 10वें खिलाड़ी बन गए। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने मौजूदा दौर के सबसे सफल खिलाड़ियों में अपनी स्थिति और मजबूत कर ली। वहीं, अब वह सात ग्रैंड स्लैम जीत चुके अपने प्रतिद्वंद्वी कार्लोस अल्कारेज के और करीब पहुंच गए हैं।

गर्म और तेज हवा वाले मौसम में खेले गए मुकाबले का पहला सेट बेहद रोमांचक रहा। दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और फैसला टाइब्रेक में हुआ। ज्वेरेव ने दमदार फोरहैंड विनर लगाकर टाइब्रेक अपने नाम किया। अंक जीतने के बाद उन्होंने जोरदार अंदाज में जश्न मनाया।

दूसरे सेट में भी दोनों खिलाड़ियों ने शानदार शॉट लगाए। हालांकि, सेट के अंतिम चरण में ज्वेरेव निराश नजर आए। इसका फायदा उठाते हुए सिनर ने टाइब्रेक में बढ़त बनाई और मुकाबले को एक-एक सेट की बराबरी पर ला दिया।

तीसरे सेट के दौरान ढाई घंटे से ज्यादा समय तक चले मुकाबले में ज्वेरेव को पहला ब्रेक प्वाइंट मिला। इसी दौरान सिनर के ड्रॉप शॉट पर वह फिसलकर कोर्ट पर गिर पड़े। दाहिने घुटने को पकड़कर दर्द से कराहते ज्वेरेव को देखकर सेंटर कोर्ट पर मौजूद दर्शकों की सांसें थम गईं।

हालांकि, दूसरे वरीय ज्वेरेव ने इलाज के बाद खेल जारी रखा, लेकिन अगले ही गेम में सिनर ने उनकी सर्विस तोड़कर 5-3 की बढ़त बना ली। इससे निराश ज्वेरेव ने अपना रैकेट कोर्ट पर पटक दिया। इसके बाद सिनर ने तीसरा सेट भी जीतकर मुकाबले में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली।

चौथे सेट में भी सिनर ने ज्वेरेव की सर्विस तोड़ते हुए 4-3 की बढ़त बनाई। इसके बाद उन्होंने कोई मौका नहीं गंवाया और शानदार खेल दिखाते हुए मैच अपने नाम कर लिया। जीत सुनिश्चित होते ही 24 वर्षीय सिनर खुशी से कोर्ट की घास पर गिर पड़े और अपने लगातार दूसरे विंबलडन खिताब का जश्न मनाया।

2026 सीजन में सिनर और ज्वेरेव एटीपी टूर के सबसे सफल खिलाड़ियों में शामिल रहे हैं। ज्वेरेव ने इस साल 44 जीत और 10 हार का रिकॉर्ड बनाया है, जबकि सिनर के नाम 43 जीत और सिर्फ 3 हार दर्ज हैं।

सिनेमा

## 'धमाल 4' पहले वीकेंड में ही हिट, 'वेलकम 3' को भी छोड़ा पीछे, अजय ने बनाया रिकॉर्ड!




अजय देवगन स्टारर फिल्म धमाल 4 की रिलीज से पहले सभी को लग रहा था कि ये फिल्म कोई बहुत बड़ा धमाका नहीं करने वाली. संडे का बॉक्स ऑफिस खाता बंद होने के साथ धमाल 4 ने सिर्फ धमाका ही नहीं किया, बल्कि ऐसे कमाल किए हैं कि रिलीज से पहले ही भविष्यवाणियां करने वाले भी शॉक हो गए हैं. 'धमाल 4' से दो हफ्ते पहले ही 'स्टार्स की भीड़ और कन्फ्यूजन' वाले स्टाइल की कॉमेडी फिल्म, अक्षय कुमार की 'वेलकम टू द जंगल' भी आई थी. अक्षय की फिल्म ने पहले वीकेंड में तगड़ी कमाई से हैरान कर दिया था, लेकिन धमाल 4 ने ऐसा धमाका किया है कि 'वेलकम टू द जंगल' भी इसके आगे छोटी पड़ गई है. रिलीज से पहले तक अजय की धमाल 4 के लिए एडवांस बुकिंग में बहुत खास मोमेंटम नहीं नजर आ रहा था. बहुत औसत एडवांस बुकिंग के साथ थिएटर्स में पहुंची इस फिल्म ने शुक्रवार दोपहर से जलवा दिखाना शुरू किया और इसका फर्स्ट डे ओपनिंग कलेक्शन 14 करोड़ तक पहुंच गया, जो 'वेलकम टू द जंगल' के फ्राइडे कलेक्शन 15.25 करोड़ के बहुत करीब था।

## Highlights

1. Boat barely moved 300 metres, we screamed for help: Eyewitness on Vietnam boat tragedy
2. Prove it or apologise: BJP on J&K CM's 'BJP offered ₹30-cr to MLA' claim
3. Govt to allow private firms to build missiles: Report
4. 25% of India's monsoon rain disappears before it reaches the ground, finds study
5. Kanwariyas threaten to strip police officer of uniform after dispute over DJ in UP
6. Woman survives alleged stabbing by ex-boyfriend in Bengaluru
7. B'luru student dies by suicide; family alleges teacher harassment

# Broken displays are pushing Indians to buy new phones sooner than planned



**NEW DEIHI, (Agency).** Smartphone users in India are upgrading their smartphones, earlier than planned, with broken screen glass due to the phone falling being a key reason. A study by Corning Incorporated, an innovator of material sciences and the maker of the popular Gorilla Glass protection layering for smartphones, notes that 87% of respondents admit to having dropped their phone in the past year.

"As smartphones become even more vital to how people work, communicate, and entertain themselves, durability is no longer a secondary specification. It's central to the overall device experience," says Andrew Beck, vice president and general manager, Corning Gorilla Glass. The survey of 1,509 smartphone users in India notes that "53% say broken glass pushed them to upgrade earlier than planned."

Corning notes that there is a clear demand from consumers (74%) for phones with better durability, and six in ten users count display clarity as a top priority when choosing a phone.

Most phone brands in India have noticed this trend, and some have included a display replacement criterion as part of the overall warranty offered with the phones they sell. Or at a lower cost. Depending on brand, type of display and generation of the phone, display replacements can cost anywhere between ₹8,000 and ₹55,000.

OnePlus offers a lifetime display warranty for select smartphones that develop visible vertical lines or display failures. Samsung offers module replacements (frame, screen, battery) and front-screen-only replacements to lower costs, and also free screen replacements for specific models experiencing "green line" issues.

Not many brands list display replacement costs until users get a quote from the service centre, but some do. Samsung notes that the main screen assembly replacement for the Galaxy Z Fold7 is priced around ₹51,810 while the cover screen costs around ₹7,490. For the flagship Galaxy S26 Ultra, the main screen costs around ₹16,010 while the frame costs ₹5,190.

"Consumers are telling us they want devices that can better withstand real-world use without compromising performance, design, or clarity. Gorilla Glass is engineered to deliver advanced, science-backed materials that give consumers greater confidence in the products they choose," says Beck.

There are also alternatives to official service centres. Renewed tech platform ControlZ launched RenewHub services in December, which they claim are 80% more cost effective than official centres. The pitch is, "OEM-grade components".

For instance, an Apple iPhone 16 Pro Max display, which Apple service centres will charge ₹43,200 to replace, costs ₹15,999 at ControlZ's Renew Hub. Yug Bhatia, Founder and CEO of ControlZ, told HT that "our repairs come from a factory grade line, not a service table."

# एएसआई के बेटे ने किया सुसाइड

## महिला से प्रताड़ित ठेकेदार ने लगाई फांसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। छत्रीपुरा इलाके की पुलिस लाइन में रहने वाले एक एएसआई के बेटे ने जहर खाकर जान दे दी। रविवार को पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। इसके बाद परिजन शव लेकर भिंड रवाना हो गए।**

छत्रीपुरा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक आदित्य (18) पिता ब्रजेश कुमार है। वह स्कूल की पढ़ाई के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। परिजनों ने बताया कि आदित्य ने 10 जुलाई की दोपहर जहर खा लिया था। तबीयत बिगड़ने पर सबसे पहले उसकी मां ने उसे देखा और बाद में पिता को इसकी जानकारी दी। इसके बाद आदित्य को यूनिक अस्पताल ले जाया गया, जहां शनिवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। आदित्य के पिता पुलिस लाइन में एएसआई के पद पर पदस्थ हैं। परिवार में माता-पिता के अलावा उसका एक छोटा भाई भी है। परिवार मूल रूप से भिंड का रहने वाला है।

सके अलावा अलग-अलग थाना क्षेत्रों में तीन और लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या



कर ली। कनाड़िया में रहने वाले एक ठेकेदार का शव रविवार सुबह घर के कमरे में फंदे पर लटका मिला। वहीं, छत्रीपुरा में एक युवक और भंवरकुआं क्षेत्र में एक महिला मजदूर ने भी आत्महत्या कर ली। कनाड़िया पुलिस के मुताबिक भूरी टेकरी आईडीए बिल्डिंग निवासी 36 वर्षीय भीम सिंह चौहान, पिता नानकराम चौहान, ड्रेनेज लाइन डालने का ठेका लेते थे। रविवार सुबह उनकी पत्नी ने उन्हें कमरे में फंदे पर लटका देखा और नीचे रहने वाले छोटे भाई अरुण को सूचना दी। इसके बाद परिजन शव को नीचे उतारकर एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। अरुण ने पुलिस को बताया परिवार पिछले तीन साल से यहां रह रहा है। सामने रहने वाली एक महिला से भीम सिंह की बातचीत थी। वह लगातार शादी करने और साथ रहने का दबाव बना रही थी। भीम सिंह पहले से शादीशुदा थे और उनके तीन बच्चे हैं। पिता भी भाई के परिवार के साथ रहते हैं।

उन्होंने बताया कि महिला भी एक बच्चे की मां है। भीम सिंह के इनकार के बावजूद वह लगातार दबाव बना रही थी, जिससे वह पिछले करीब 10 दिनों से तनाव में थे। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। छत्रीपुरा थाना क्षेत्र के सिलावटपुरा निवासी 25 वर्षीय प्रियांशु राठौर, पिता वीरेंद्र राठौर, ने शनिवार रात घर में फांसी लगा ली। पुलिस के मुताबिक देर रात मां ने आवाज लगाई, लेकिन काफी देर तक कोई जवाब नहीं मिला। कमरे में जाकर देखा तो वह फंदे पर लटका मिला। प्रियांशु कपड़ों की दुकान पर काम करता था। परिवार में माता-पिता और एक भाई हैं। बड़े पिता का परिवार भी साथ रहता है। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। भंवरकुआं क्षेत्र में 28 वर्षीय पूजा, पति सुखदेव, ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह मूल रूप से हरदा की रहने वाली थीं और आईटी पार्क के पास निर्माणाधीन बिल्डिंग में मजदूरी करने के लिए इंदौर आई थीं। शनिवार को परिजनों ने उन्हें फंदे पर लटका देखा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आबकारी विभाग की कार्रवाई

## 21.75 बल्क लीटर अवैध मदिरा जब्त



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। कलेक्टर शिवम वर्मा के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के निर्देशानुसार, कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी तथा डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में आज सुश्री सृष्टि गिरवाल, राजेश बट्टी एवं उनकी टीम द्वारा गश्त के दौरान संदेह के आधार पर मोती तबेला रोड पर दोपहिया वाहन क्रमांक एमपी-09-एसयू-1143 (होंडा एक्टिवा) को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन से 50 पाव देशी मसाला मदिरा अवैध रूप से परिवहन करते हुए बरामद की गई। जब्त मदिरा एवं वाहन को विधिवत कब्जे में लेकर आरोपी सोनू पिता नंदूलाल गौड़ के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 (संशोधित 2000) की धारा 34(1)(क) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। जब्त मदिरा एवं वाहन का कुल अनुमानित बाजार मूल्य 85 हजार 450 रुपये है। एक अन्य कार्रवाई में आबकारी दल द्वारा अर्जुनपुरा, महू नाका क्षेत्र में स्थित एक कमरे की विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वहां से 11 बोतल विदेशी मदिरा तथा 25 पाव देशी मसाला मदिरा बरामद कर जब्त की गई। दोनों कार्रवाइयों में कुल 21.75 बल्क लीटर अवैध मदिरा जब्त की गई। आबकारी विभाग द्वारा प्रकरणों में नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा तथा ऐसे मामलों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक